an>

Title: Need to conduct a CBI enquiry against persons involved in drug trafficking in Punjab.

श्री भगवंत मान (संगरूर): सभापति जी, जब पंजाब का नाम सामने आता है तो हरे-भरे खेत, नाचते-गाते झूमते लोग मन में आते हैं। आज़ादी की जंग में पंजाब की 90 प्रतिशत से ज्यादा कुर्बानियाँ हैं और हरित क्रांति से देश के अनाज का भंडार भी पंजाब ने भरा, लेकिन बड़े दुख से कहना पड़ता है कि आजकल पंजाब पूरी तरह से ड्रग्ज़ की समस्या की चपेट में आ गया है। कई गाँव तो ऐसे हैं जहाँ पर एक दिन में 15 से 20 लाख रुपये की स्मैक बिक जाती है। सिविल कर्फ्यू वहाँ लग जाता है, शाम 4 बजे के बाद बाहर निकलना मुश्किल है। किसी का मोबाइल छीन लिया, औरतों के कान की बालियाँ छिन जाती हैं। यह समस्या बहुत बड़ी है। पंजाब की जवानी बरबाद हो रही है। जो बड़े-बड़े स्मगलर पकड़े गए हैं, उन्होंने जो नाम लिये हैं, वे बड़े-बड़े नेताओं के हैं जिनमें ..* का नाम आया है। ...(व्यवधान)

माननीय सभापति : यह उचित नहीं है और न यह रिकार्ड पर रहेगा। जो इस सदन के सदस्य नहीं है, उनका नाम लेकर आप आरोपित कर रहे हैं। न यह उचित है, न यह यहाँ की परंपरा रही है। वह कार्यवाही में नहीं रहेगा।

श्री भगवंत मान : मैं यह कहता हूँ कि बड़े-बड़े स्मगलर जो खुलासे कर रहे हैं, ईडी को फाइनैंस मिनिस्ट्री अलाउ करे कि उनके खिलाफ अनुमति देकर जाँच हो जाए। जाँच के बाद दूध का दूध और पानी का पानी हो जाए। मैं जाँच की मांग तो कर सकता हूँ कि जो आरोपी हैं और जिनके नाम लिये गये हैं, उनके खिलाफ जाँच की अनुमति ईडी को मिले ताकि पंजाब की जवानी को बरबाद करने वालों के नाम सामने आ सकें और सत्य सामने आ सके और पंजाब दोबारा देश की तरक्की में अपना योगदान दे सके।